वैक्सीन की जानकारी का विवरण

# टीडीएपी (टेटनस, डिप्थीरिया, काली खांसी) वैक्सीन: *आपके लिए आवश्यक जानकारी*

कई वैक्सीन जानकारी विवरण स्पेनिश और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। http://www.immunize.org/vis देखें

Hojas de información sobre vacunas están disponibles en español y en muchos otros idiomas. Visite http://www.immunize.org/vis

## 1. वैक्सीन क्यों लगवाएँ?

**टीडीएपी वैक्सीन, टेटनस, डिप्थीरिया, और काली खांसी** की रोकथाम कर सकता है।

डिप्थीरिया और काली खांसी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलते हैं। टिटनेस कट या घाव के जरिए शरीर में प्रवेश करता है।

- **टेटनस (टी)** के कारण मांसपेशियों में दर्दनाक अकड़न उत्पन्न होती है। टेटनस से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ हो सकती हैं, जिसमें मुंह खोलने में असमर्थता, निगलने और सांस लेने में परेशानी, या मृत्यु शामिल है।
- **डिप्थीरिया (डी)** के कारण सांस लेने में कठिनाई, हार्ट फेल होना, पक्षाघात, या मृत्यु तक हो सकती है।
- **पर्टुसिस (एपी)**, जिसे "काली खांसी" के नाम से भी जाना जाता है, के कारण अनियंत्रित, संगीन खांसी हो सकती है जिससे सांस लेना, खाना या पीना कठिन हो जाता है। काली खांसी शिशुओं और छोटे बच्चों में विशेष रूप से अत्यंत गंभीर हो सकता है, जिसके कारण निमोनिया, आक्षेप, मस्तिष्क क्षति, या मृत्यु हो सकती है। किशोरों और वयस्कों में, इसके कारण वजन घट जाना, मूत्राशय पर नियंत्रण खोजाना, बेहोशी और गंभीर खाँसी से पसली का फ्रैक्चर हो सकता है।

## 2. टीडीएपी वैक्सीन

टीडीएपी केवल 7 वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों, किशोरों और वयस्कों के लिए है।

**किशोरों** को टीडीएपी की एक खुराक मिलनी चाहिए, अधिमानतः 11 या 12 साल की आयु में।

**गर्भवती लोगों** को हर गर्भावस्था के दौरान टीडीएपी की एक खुराक मिलनी चाहिए, अधिमानतः तीसरी तिमाही के शुरुआती भाग के दौरान, ताकि नवजात को काली खांसी से बचाने में सहायक हो। काली खांसी से होने वाली गंभीर, जानलेवा जटिलताओं के लिए शिशुओं को सबसे अधिक जोखिम होता है।

ऐसे **वयस्क** जिन्हें टीडीएपी कभी नहीं प्राप्त हुआ है, उन्हें टीडीएपी की एक खुराक मिलनी चाहिए।

साथ ही, **वयस्कों को या तो टीडीएपी या टीडी** (एक अलग वैक्सीन जो टेटनस और डिप्थीरिया से बचाता है लेकिन काली खांसी से नहीं) **की बूस्टर खुराक मिलनी चाहिए हर 10 साल पर**, या कोई गंभीर या गंदे घाव या जलने की स्थिति में, **5** साल के बाद।

टीडीएपी वैक्सीन को अन्य टीकों के साथ लगाया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएँ कि क्या वैक्सीन प्राप्त कर रहे व्यक्ति को:

- **टेटनस, डिप्थीरिया, काली खांसी से बचाव करने वाले किसी वैक्सीन की पिछली खुराक के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया** हुई हो, या उन्हें कोई **गंभीर, जानलेवा एलर्जी** हैं
- **किसी भी पर्टुसिस वैक्सीन (डीटीपी, डीटीएपी, या टीडीएपी) की पिछली खुराक के बाद 7 दिनों के भीतर कोमा, चेतना के स्तर में कमी, या लंबे समय तक दौरे** पड़े हैं
- **दौरे या तंत्रिका प्रणाली की अन्य समस्या है**
- कभी **गुइलेन-बैरे सिंड्रोम** (जिसे "जीबीएस" भी कहा जाता है) हुआ है
- **टेटनस या डिप्थीरिया से बचाव करने वाले किसी वैक्सीन की पिछली खुराक के बाद गंभीर दर्द या सूजन** हुई है

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता टीडीएपी टीकाकरण को भविष्य की मुलाकात तक स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

मामूली बीमारियों, जैसे कि सर्दी, वाले लोग वैक्सीन लगवा सकते हैं। मध्यम या गंभीर रूप से बीमार लोगों को आमतौर पर टीडीएपी वैक्सीन लगवाने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. वैक्सीन के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- टीका लगाए जाने के स्थान पर दर्द, लालिमा, या सूजन, हल्का बुखार, सिरदर्द, थकान महसूस करना, और मतली, उल्टी, दस्त, या पेट में दर्द कभी-कभी टीडीएपी टीकाकरण के बाद होता है।

कभी-कभी, टीकाकरण सहित चिकित्सा प्रक्रियाओं के बाद लोग बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर आ रहा हो या दृष्टि में बदलाव हो या कान बज रहे हों, तो अपने प्रदाता को बताएँ।

किसी भी दवा की तरह, किसी वैक्सीन से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर हानि, या मृत्यु होने की एक बहुत ही कम संभावना होती है।

U.S. Department of Health and Human Services
(यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेस)
Centers for Disease Control and Prevention
(रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र)

## 5. क्या होगा यदि कोई गंभीर समस्या है?

वैक्सीन लगवाने वाले व्यक्ति को क्लिनिक से जाने के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है। यदि आप किसी गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के लक्षण देखते हैं (पित्ती, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज़ दिल की धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी), तो **9-1-1** पर कॉल करें और व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाएँ।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं की सूचना वैक्सीन प्रतिकूल घटना रिपोर्टिंग सिस्टम (VAERS) को दी जानी चाहिए। आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता आमतौर पर यह रिपोर्ट दर्ज करेगा, या फिर आप ऐसा स्वयं कर सकते हैं। VAERS वेबसाइट पर **http://www.vaers.hhs.gov** पर जाएँ या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं की सूचना देने के लिए है, और VAERS स्टाफ सदस्य चिकित्सा सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. राष्ट्रीय वैक्सीन क्षति क्षतिपूर्ति कार्यक्रम

राष्ट्रीय वैक्सीन क्षति क्षतिपूर्ति कार्यक्रम (VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो कुछ वैक्सीनों से क्षतिग्रस्त हुए लोगों को क्षतिपूर्ति करने के लिए बनाया गया था। टीकाकरण के कारण कथित क्षति या मृत्यु के दावों को दर्ज करने की समय सीमा होती है, जो कि दो वर्ष जितनी कम हो सकती है। कार्यक्रम के बारे में और दावा दायर करने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **http://www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएँ या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त करूं?

- अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- वैक्सीन पैके ज इंसर्ट और अतिरिक्त जानकारी केलिए फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) की वेबसाइट **http://www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- Centers for Disease Control and Prevention (रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) (CDC):
  **-1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  -CDC की वेबसाइट **http://www.cdc.gov/vaccine** पर जाएँ।

Hindi translation of Tdap VIS provided by California Department of Public Health, Immunization Program